Roll No. …………………..

# MAHL–203

भाषा विज्ञान एवं हिन्दी भाषा

M. A. Hindi (MAHL–12/16)

Second Year, Examination, 2017

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 60**

नोट : यह प्रश्न पत्र साठ (60) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों का चयन करना है।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए पन्द्रह (15) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. हिन्दी की उपभाषा और बोलियों पर प्रकाश डालिए।
2. ध्वनि-परिवर्तन की दिशाओं पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।
3. रूप-परिवर्तन के कारणों की सोदाहरण समीक्षा कीजिए।
4. हिन्दी के विकास में कम्प्यूटर के योगदान को रेखांकित कीजिए।

## खण्ड–ख

### (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए पाँच (05) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. भाषा और बोली का अन्तर्सम्बन्ध लिखिए।
2. स्वनिम का अर्थ स्पष्ट कीजिए।
3. अर्थसंकोच को उदाहरण से स्पष्ट कीजिए।
4. विशेषण के भेद बताइए।
5. कार्यालय-पत्र का कोई एक प्रारूप लिखिए।
6. मानक हिन्दी का अर्थ समझाइए।
7. रूप-परिवर्तन के कारण लिखिए।
8. व्याकरणिक दृष्टि से वाक्य के भेद बताइए।

## खण्ड–ग

### (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. पश्चिमी हिन्दी की बोलियों में कौन-सी बोली नहीं है ? खड़ी बोली, ब्रजभाषा, अवधी, कन्नौजी।
2. वाक्य शुद्ध कीजिए :
   उसका प्राण निकल चुका था।
3. अर्थादेश का सम्बन्ध किससे है ?
   अर्थ विस्तार / अर्थ संकोच / नवीन अर्थ

4. 'कुछ लड़के खेल रहे हैं।' वाक्य में कौन-सा सर्वनाम है ?

5. 'सन्यास' और 'आर्शीवाद' के शुद्ध रूप लिखिए।

6. अष्टम अनुसूची में कुल कितनी भाषाएँ हैं ?

7. 'प्रतिपादिक' का अर्थ बताइए।

8. 'सोना' और 'आज' तद्भव शब्दों के तत्सम रूप लिखिए।

9. 'उपसर्ग' शब्द के पहले लगते हैं या बाद में ?

10. पहाड़ी हिन्दी के अन्तर्गत कौन-सी दो बोलियाँ आती हैं ?